दैनिक
# पद्मावत मीडिया
Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•
www.padmavatmedia.in | Mo. 9594542679 | Email- padmavatmedia@gmail.com
वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 240 • मुंबई, गुरुवार, 09 मई , 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •

## दुबई में बनी 1144 करोड़ की सोने की चेन भारत में बना दी डॉक्टर सक्का ने 40 रू के सोने में विश्व की सबसे सस्ती व हल्की सोने की तिरंगी चैन

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । उदयपुर के स्वर्ण कारीगर 100 विश्व रिकॉर्ड होल्डर डॉक्टर इक़बाल सक्का ने अपनी लाजवाब कारीगर से एक बार फिर भारत का नाम रोशन कर दिया डॉक्टर सक्का ने विश्व की सबसे सस्ती हल्की 40 रू के सोने में मात्र 0.0025 मिली ग्राम सोने के वजन में लेंस की मदद से देखे जाने वाली 11 महीने के अथक प्रयास से 17 इंच लंबी 22 कैरेट सोने की 2500 कुड़ियां जोड़कर विश्व की सबसे सस्ती वह कम वजन की तिरंगी चैन के साथ



एक लॉकेट भी बनाकर विश्व की सबसे सस्ती वह कम वजन की चेन का एक नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। डॉक्टर सक्का ने बताया कि विश्व की सबसे महंगी 1144 करोड रुपए की चेन का वजन 256 किलो सोना है 5.5 किलोमीटर लंबी सोने की चेन गिनीज बुक में दर्ज दुबई गोल्ड और ज्वेलरी ग्रुप संगठन द्वारा बनाई गई सबसे महंगी सबसे वजन वाली सोने की चेन के ठीक विपरीत भारत के डॉक्टर इकबाल ने विश्व की सबसे सस्ती 40रू के सोने की तिरंगी चैन और सबसे कम वजन सोने में चैन के साथ एक लॉकेट भी बना कर गिनीज बुक को का रिकॉर्ड में दावा पेश किया है।

## स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने पीएचसी एवं सीएचसी पहुंचे सीएमएचओ, किया औचक निरीक्षण
### स्वास्थ्य अधिकारियों को आमजनों को प्राथमिकता से स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश

पदमावत मीडिया

**सलूंबर** । जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मरीजों को मिल सकें, इसके लिए जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सगतडा, झाड़ोल, उदपुरिया जागीर, बड़गांव सहित अन्य स्वास्थ केंद्रो का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर ने अस्पताल में उपस्थिति रजिस्टर, ओपीडी, महिला एवं पुरूष वार्ड, भंडार कक्ष, प्रसव कक्ष एवं टीकाकरण कक्ष सहित पूरे परिसर का अवलोकन किया। साथ ही ओपीडी में उपस्थित रोगियों से व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। सीएमएचओ द्वारा साफ-सफाई व्यवस्था निरन्तर बनाए रखने व पार्किंग व्यवस्था को सुधारने के निर्देश प्रदान किए। उन्होने स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को समय पर केंद्र में उपस्थित रहकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कहा। उन्होने मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीजों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए। जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने स्वास्थ्य अधिकारियों से स्वास्थ्य केंद्र में होने वाले प्रसव की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत प्रसव सुरक्षित रूप से संस्थागत कराने के



लिए कहा। उन्होने हीट वेव को देखते हुए स्वास्थ्य केन्द्र में बैड आरक्षित रखने के साथ कुलर एवं आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीपीएम देवेंद्र पुरी गोस्वामी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 135 वर्षीतप के तपस्वियों का किया तप अभिनंदन
### श्री मेवाड़ मूर्तिपूजक महिला ग्रुप का तप अनुमोदना समारोह सम्पन्न

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । श्री मेवाड़ मूर्तिपूजक महिला ग्रुप की और से जैन श्वेतांबर आयड तीर्थ में तप अनुमोदना समारोह आयोजित हुआ। श्री मेवाड़ मूर्तिपूजक महिला ग्रुप की अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलुंडिया ने बताया कि आचार्य भगवंत पद्म भूषण सूरीश्वर महाराज, आचार्य भगवंत निपुनर| सूरीश्वर महाराज, ऋषभ सूरीश्वर महाराज की प्रेरणा से परम पूजनीय कीर्तिरेखा श्रीजी, भक्ति रेखा, मयुख रेखा, गंभीर रेखा, दर्श रेखा श्रीजी एवम समुदाय वर्तिनी सभी साधविजी महाराज के सानिध्य एवम मार्गदर्शन में तप अनुमोदना समारोह आयोजित हुआ जिसमे वर्षीतप करने वाले 135 तपस्वियों का बहुमान किया गया साथ ही लगातार 68 उपवास, श्रेणिक तप, सिद्धि तप एवम आजीवन तप आराधना में रहने वाली आशा बाबेल एवम लगातार 14 वा वर्षीतप करने वाली लाडजी बाई सुराना का विशेष अभिनंदन किया गया। संरक्षिका साधना बाबेल ने बताया कि वर्षीतप में 400 दिन तक एक दिन निराहार रहकर उपवास एवम एक दिन सिर्फ 2 वक्त भोजन करना होता है साथ ही दोनो वक्त सुबह एवम शाम प्रतिक्रमण, देव दर्शन, देव पूजा एवम धर्म आराधना करनी होती है और 400 दिन पश्चात अक्षय तृतीया के दिन से इक्षु रस से पारणा होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुसूया जैन एवम ग्रुप द्वारा मंगलाचरण से हुआ । अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलुंडिया ने शब्दों द्वारा सबका स्वागत किया, तत्पश्चात



मंजू नलवाया एवं ग्रुप द्वारा तपस्या की एवं चौबीसी गीत का कार्यक्रम आयोजित हुआ । सचिव मधु मारू ने बताया कि सभी तपसियों को 'मोती वेराना चौक मां आव्या तपस्वी' एवम अनुमोदना बारंबार द्वारा बधाया एवम फिर बहुमान किया गया। रश्मि नलवाया एवं ग्रुप ने तपस्या नृत्य द्वारा तपस्या की अनुमोदना की साथ ही वॉकी टॉकी द्वारा तप का महत्व, तप की क्रिया और तप के बारे में दर्शकों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि कुलदीप नाहर, अनीश कोठारी, गजेंद्र मेहता, अनिल भंडारी, नरेंद्र सेठिया, शक्ति चपलोत, प्रमिला करणपुरिया अभिषेक भाई, प्रमिला पोरवाल, रवि मोर्डिया थे। सचिन मधु मारू ने धन्यवाद ज्ञापित किया, कार्यक्रम का संचालन चंद्रकला पोखरना एवं मनीष लोढ़ा ने किया ।कार्यक्रम संयोजिका हर्षिता पगारिया और सुप्रिया राठौड़ थी।

## ग्रीन पीपल सोसायटी की बैठक सम्पन्न
### सोसायटी सदस्य लेकसिटी की झीलों और अन्य स्थानों पर करेंगे श्रमदान

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । दक्षिण राजस्थान में पक्षियों और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध ग्रीन पीपल सोसायटी की समीक्षा बैठक अरण्य भवन में बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में देश–दुनिया में अपनी झीलों के लिए प्रसिद्ध लेकसिटी की झीलों को स्वच्छ व सुंदर रखने की दृष्टि से सोसायटी सदस्यों द्वारा श्रमदान करने और इसके लिए जन जागरूकता पैदा करने का निर्णय लिया गया।

सोसायटी अध्यक्ष व रिटायर्ड सीसीएफ आईएफएस राहुल भटनागर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में ग्रीन पीपल सोसायटी की गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस दौरान सोसाइटी की वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित करने और ऑडिट करवाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही सदस्यों ने हैबिटेट ट्रस्ट और अन्य संस्थाओं से आर्थिक सहयोग



प्राप्त करने के लिए अपेक्षित प्रोजेक्ट तैयार करने पर चर्चा की।

बैठक के आरंभ में सदस्य सचिव डॉ. सतीश कुमार शर्मा ने बैठक एजेंडा प्रस्तुत करते हुए सुथार मादड़ा जलाशय के पास स्थित क्षतिग्रस्त भवन को दुरस्त कराने के लिए स्वीकृत राशि के सदुपयोग करने और पंचायत की कोरम में बकाया कार्य को पूर्ण कराने के लिए प्रस्ताव तैयार करवाने की बात कही। इस दौरान समिति सदस्यों ने गौरव द्विवेदी के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण–संवर्धन संबंधित प्रोजेक्ट तैयार करने पर चर्चा की गई तथा सभी सदस्यों को इस संबंध में अपने–अपने सुझाव देने का आग्रह किया गया।

बैठक में एम यासीन पठान, वीरपाल सिंह राणा, सुहेल मजबूर, श्याम नारायण दवे, प्रताप सिंह चुंडावत, डॉ. ललित जोशी, इस्माइल अली दुर्गा आदि ने विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव दिए।

## मेवाड़-वागड़ के औदिच्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक में हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय



पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । औदीच्य समाज विकास समिति, बेडवास एवं टोलकिया औदीच्य समाज वागड़ क्षेत्र के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक वागड़ क्षेत्र के प्रमुख तीर्थ श्री बेणेश्वर महादेव की पावन पुण्य स्थली पर पीठाधीश्वर श्री अच्यूतानन्द जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित हुई। बैठक में दोनों समाज के लगभग 140 वर्ष पूर्व हुए विघटन को पुनः एकीकरण करने पर विचार विमर्श हुआ। पीठाधीश्वर ने इस अवसर पर सभी को एकीकरण के इस शुभ प्रयास की भरपूर सराहना करते हुए अपना शुभाशीर्वाद ओर मंगलकामनाएं दी ।

बैठक में दोनों समाज के प्रतिनिधियों ने इस विषय पर अपने विचार खुलकर रखे तथा भविष्य में इससे होने वाले सभी परिणामो पर अपनी- अपनी राय बैठक में रखी। आपसी सहमति से सभी प्रतिनिधियों ने यह तय किया कि 28 मई 2024 को औदीच्य समाज विकास समिति द्वारा आयोजित विश्वेश्वर महादेव जी मंदिर, बेडवास के ध्वजारोहण कार्यक्रम में वागड़ क्षेत्र के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए एवं 31 मई 2024 को टोलकिया औदीच्य समाज , वागड़ क्षेत्र के श्री गायत्री माता जी मंदिर, (बेणेश्वर धाम ) पर आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में उदयपुर के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हो। इस प्रकार दोनों समाज की एक दूसरे से जान-पहचान और बढ़ेगी। तत्पश्चात आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा दोनों समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा तय की जाएगी । बैठक में उदयपुर औदीच्य समाज से केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष केशव लाल व्यास, महामंत्री कमला शंकर शर्मा, सलाहकार भेरूलाल भट्ट, गणेशलाल शर्मा मधुसूदन व्यास, बड़गाँव कुटुंब अध्यक्ष पूंजीलाल शर्मा, प्रताप नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा, एकलिंगपुरा अध्यक्ष जमनाशंकर शर्मा, लक्ष्मण लाल शर्मा, मांगीलाल शर्मा, रूपलाल शर्मा, कांतिलाल शर्मा, चंपालाल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, अनिल शर्मा, दीपक शर्मा, डालचन्द शर्मा, भेरू लाल शर्मा, मुकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। वहीं टोलिया औदीच्य समाज से वागड़ अध्यक्ष भूपेन्द्र भट्ट, रमेश चंद्र, लीलाराम पंड्या, कृपाशंकर जोशी, धनेश्वर लाल भट्ट, सुरेश जोशी, मनोहर लाल जोशी, वनेश्वर जोशी, उमेश जोशी, रमेश जोशी, मयूर जोशी, भावेश भट्ट, पंकज कुमार रावल, भावेश कुमार जोशी, कांतिलाल जोशी, मनोज पंड्या भासोर, लालशंकर पंड्या, कांतिलाल जोशी, जगदीश जोशी, विश्वनाथ पंड्या, प्रकाश चंद्र पंड्या, जगदीश चन्द्र जोशी, हितेश ठिकरिया, नरेन्द्र कुमार भट्ट, रविशंकर पंड्या, दक्षेश जोशी एवं गणमान्य चौखला अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश पंड्या ने किया।

## रवीन्द्र नाथ टैगोर के जीवन चरित्र पर बनाई पुस्तिका

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । नोबेल पुरस्कार प्राप्त एवं राष्ट्रगान के रचयिता रवींद्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती पर शहर के ख्यातनाम शिल्पकार चंद्रप्रकाश चित्तौड़ा ने उनके जीवन चरित्र पर पुस्तिका बनाई है।, जिसका विमोचन समाजसेवी पंकज कुमार शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि गुरुदेव की गीतांजलि विश्व साहित्य का गौरव और जन-गण'मन राष्ट्रगान हमारा अभिमान है। आज भी देश में उनके नाम से कई ख्यातनाम साहित्य, पुस्तकें और



संस्थाएं संचालित है। हमारे उदयपुर संभाग स्तर पर मेडिकल कॉलेज भी इन्हीं के नाम से संचालित है।

## वन्यजीव संख्या आकलन वर्ष 2024 के संबंध में प्रशिक्षण आज



पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । वन्यजीव संख्या आकलन वर्ष 2024 कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये प्राणी पहचान एवं अन्य संबंधित पहलुओं की जानकारी देने हेतु संभागीय स्तरीय विभागीय सहायक वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय वन अधिकारियों का प्रशिक्षण 9 मई को चेटक सर्कल स्थित वन भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल प्रातः 9:30 बजे से 12:30 बजे तक आयोजित किया जायेगा। उप वन संरक्षक देवेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण मुख्य वन संरक्षक एस.आर.वी.मूर्थी की अध्यक्षता में आयोजित होगा। इस अवसर पर एनटीसीए सदस्य राहुल भटनागर भी मौजूद रहेंगे। प्रशिक्षण पर्यावरणविद् सतीश शर्मा देंगे।

## संगिनी जेएसजी मेन भीलवाड़ा ने 5 माताओं का किया सम्मान

पदमावत मीडिया

**भीलवाड़ा।** संगिनी जेएसजी मेन भीलवाड़ा ने मदर्स डे के उपलक्ष्य पर माताओं का सम्मान करने हेतु कार्यक्रम रखा गया।

प्रोग्राम की शुरुआत ममता जैन,निरुपमा जैन आदि ने नवकार मंत्र उच्चारण कर की। जेएसजी अध्यक्ष राजेन्द्र गोखरू सचिव सुनील नाहर ,उपाध्यक्ष निर्मल खजांची ,सहमंत्री नवीन बागरेचा ,कोषाध्यक्ष प्रदीप साखलाँ आदि पधादिकारीयों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आगाज किया ।अध्यक्षा पुष्पा गोखरू ने बताया कि इस अवसर पर 5 ऐसी माताओं को सम्मानित किया गया ,जिन्होंने बहुत ही संघर्ष पूर्ण जीवन जी कर सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी है । कंचन देवी सकलेचा, सुशीला कोठारी,प्रमिला सूरिया,कमला खजांची , इन्दुलता चौधरी ने परिवार में प्रेम और अपनेपन से सबके लिये आदर्श भूमिका प्रस्तुत की व बच्चों को इस लायक बनाया है कि वो समाज में कई पदों पर शोभायमान है।

अध्यक्ष राजेंद्र गोखरू ने बताया कि इन माताओं ने समाज में दान ,तप



,त्याग ,धर्म ध्यान कर एक अलग पहचान बनाई है । अन्य पदाधिकारी सुनील नाहर,निर्मल खजांची,नवीन बागरेचा, प्रदीप सांखला ने माताओं को नमन करते हुए संगिनी बहनों का उत्साहवर्धन किया। इसी कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए 8 वर्ष से कम उम्र के बच्चो में मां को समर्पित करते हुए लव एंड केनवास ड्राइंग कंपीटीशन करवाया जिसकी संयोजक सुरूचि कोठारी व कविता चीपड थी । प्रथम ध्रुविका जैन ,द्वितीय जियांशी जैन, तृतीय प्रियंका डोसी रहे। इसके साथ ही समस्त प्रतिभागी को सांत्वना पुरस्कार भी दिए । निर्णायक प्रियंका सोमानी ने बच्चों को ड्राइंग के नए टिप्स बताकर प्रोत्साहित किया। महासचिव सीमा नाहर व कोषाध्यक्ष प्रमिला गोखरू आदि का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति बोहरा ने किया। सहमंत्री सुरुचि कोठारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गुणमाला जैन, मधु लोढ़ा ,अरुणा पोखरणा, , ममता जैन, मधु मेडतवाल, दीपा सिसोदिया, रजनी डोसी, सोनल मेहता, जूली सूर्या, सोनल नाहर, मीरा चंडालिया, सन्तोष देवी सिंघवी ,प्रियंका चौधरी, खुशबू खटोड, चेतना चपलोत,नीतू डूगरवाल , अनिता डांगी, डॉ. प्रीति बोहरा, अंजना ओर्डिया, दर्शना सिंघवी, निर्मला डोसी,आशा चोधरी निर्मला बुलिया , कुसुम श्री श्री माल आदि कई महिलायें उपस्थिति रही व सभी ने इस प्रेरणा मय कार्यक्रम की सराहना करते हुए आगे भी ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने का प्रस्ताव रखा।

## बच्चों और महिलाओं को बाटी 200 चप्पल
### कृष्णा सेवा संस्थान द्वारा महिला और बच्चों को बाटी चप्पल

पदमावत मीडिया

**बांसवाड़ा** । कृष्णा सेवा संस्थान द्वारा इस भीषण गर्मी से बच्चों और महिलाओं को नंगे पांव चलता देख संस्था की महिलाओं ने निर्णय लिया कि 500 जरूरतमंद महिला और बच्चों तक अलग-अलग क्षेत्र में जाकर चप्पल पहुंच जाएंगे। संस्था की अध्यक्ष सोनू अग्रवाल ने बताया कि इस विधान गर्मी में कई बच्चे दो-दो किलोमीटर तक नंगे पांव धूप में चलते हैं रोड पर नजर आते हैं, चप्पल नहीं होने की वजह से इसी को देखते हुए श्याम दीवानी परिवार, बांसवाड़ा टैलेंटेड विमेंस ग्रुप की बहनों ने पहल में साथ सहयोग देकर इस कार्य से जुड़ी। और इस कार्य को पूरा करने में अपनी पूरी कोशिश सभी महिलाओं ने की। इसी क्रम में मंगलवार को कॉलेज ग्राउंड स्थित बंजारा बस्ती में 200 महिलाओं और बच्चों को निशुल्क चप्पल वितरित की गई। इस अवसर पर कृष्णा सेवा संस्थान की उपाध्यक्ष राची नायर ने कार्यक्रम में आने वाली सभी महिलाओं का दुपट्टा उड़ाकर स्वागत किया एवं इस अवसर पर विनीता शर्मा, इंदिरा अग्रवाल, मोना जोशी, हेमलता भट्ट, दीप्ति श्रीवास्तव, भूमिका वधानी, भावना पाटीदार,सुनीता शर्मा, प्रियंका सामर, अनीता गुप्ता, संतोष चौधरी, हीना पांडिया, वर्षा मेहता एवं संस्था की अन्य बहनों ने चप्पल




वितरण में सहयोग कर बच्चों को चप्पल पहनाई ताकि इस भीषण गर्मी में कोई बच्चा नंगे ना चले। बच्चों और महिलाओं ने सुंदर-सुंदर चप्पल प्रकार उनके चेहरे की खुशी शब्दों में बयां नहीं की जा सकती। इस अवसर पर संस्था की सभी महिलाओं ने बच्चों के साथ मनोरंजन किया।

## हाली अमावस्या को देखा शगुन अच्छी बारिश के मिले संकेत

पदमावत मीडिया

**भीनमाल** । स्थानीय संतोषी माता मंदिर प्रांगण में हाली अमावस्या पर शगुन देखा गया । अच्छी बारिश होने के संकेत मिले, सात लोटों में पानी भरकर दो घंटे पूजा की ।

वैशाख वदी अमावस्या पर स्थानीय संतोषी माता मंदिर में बुधवार को अच्छे जमाने की आश को लेकर लोगों ने शगुन देखे। जिसमें अच्छी बारिश होने के संकेत मिले है। ग्रामीण मंगलसिंह भाटी ने बताया कि वैशाख वदी हाली अमावस्या पर परंपरा के अनुसार स्थानीय एवं आस-पास के गांव में बारिश को लेकर शगुन देखा गया। संतोषी माता मंदिर में बुधवार को दो घंटे तक चली विशेष पुजा-अर्चना और पुराने समय से चली आ रही शगुन देखने की परंपरा के अनुसार लोगों ने मिट्टी के सात लोटों में जल भरकर तणियां प्रथा के तहत शगुन देखे गए। जिसमें इस साल अच्छी बारिश होने का संकेत मिले है।

यह रहे मौजूद

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर भगवानाराम, ओखाराम माली, जीएम परमार, माधाराम सोलंकी, प्रतापाराम चौहान, कलाराम चौहान, बगदाराम चौहान, कस्तूराराम परमार, प्रभुराम चौहान, उकाराम चौहान, चोपाराम चौहान, प्याराराम चौहान, कालूराम परमार, बगदाराम परमार, कस्तूराराम चौहान, गणपतलाल चौहान, लालाराम परमार, चंपालाल, प्रतापराम भाटी समेत कई मोहल्ले वासी मौजूद रहे।

# भारत का अन्न पानी खाते हैं फिर भी जहर उगलते हैं नेताजी !



पदमावत मीडिया

**मनोज कुमार अग्रवाल**

इन दिनों आम चुनाव का दौर चल रहा है चुनाव में सभी दलों द्वारा अपने पक्ष में मतदाताओं को लुभाने के लिए तमाम तरह की बयानबाजी की जाती है । ऐसे भी बयान वीर नेता हैं जिनकी जहरीली बयान बाजी में देश के हितों के खिलाफ सुर निकलने लगे हैं तो ऐसे नेताओं को देश के नमक के साथ गद्दारी करने का खिताब दिया जाए तो कुछ भी अनुचित नहीं है। आपको बता दें कि पाकिस्तान के कब्जे वाला गुलाम कश्मीर हमारा था, हमारा है और हमारा ही रहेगा।% यह वाक्य दशकों से दोहराया जाता रहा है, अब भी दोहराया जा रहा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में एक चुनावी सभा में यही बयान दोहराया तो कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला को जैसे तन बदन में जलन लग गई। गुलाम कश्मीर संबंधी बयान पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा, %पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं और उसके पास परमाणु हथियार हैं।%यह बयान कोई पाकिस्तानी नेता ने नही भारत का नमक खाकर भारत में लम्बे अर्से तक सत्ता सुख और तमाम सुविधाओं का भोग करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला ने दिया इस से अधिक शर्मनाक क्या हो सकता है?

अब आपको देश की अस्मिता से जुड़े एक अन्य मामले में पंजाब के एक पूर्व मुख्यमंत्री के अत्यंत शर्मनाक बयान से रूबरू कराते हैं। आपको पता होगा अभी दो दिन पूर्व पुंछ में वायुसेना के काफिले पर घात लगाकर किए गए आतंकी हमले में एक जवान शहीद हो गया और चार अन्य घायल हो गए। सेना पूरे क्षेत्र की तलाशी ले रही है और दो आतंकियों के स्कैच जारी कर उनकी जानकारी देने वालों के लिए 20 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी को यह हमला %चुनावी स्टंट% नजर आ रहा है। उन्होंने इस तरह का बयान दे कर अपनी घटिया मानसिकता का परिचय दिया है।

आइए एक और सबसे जहरीली बयान बाजी से आपको रूबरू कराने की कोशिश करते हैं आप को याद होगा कि 2008 में मुंबई में ताज होटल पर घातक आतंकी हमला हुआ था, जिसमें मुंबई की आतंकरोधी शाखा के प्रमुख हेमंत करकरे की जान भी चली गई थी। अब इस मामले को लेकर एक कांग्रेसी नेता ने ऐसा बयान दिया है जिसमें एक शहीद की शहादत में भी राजनीति की एंट्री कर दी गई है।

महाराष्ट्र के एक कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने बयान दिया है कि हेमंत करकरे आतंकी की गोली से नही शहीद हुए। इस नेता ने कहा है कि आतंकवादी अजमल कसाब ने नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने तत्कालीन आतंकवाद निरोधक दस्ते के प्रमुख हेमंत करकरे की हत्या की थी।यह तो घटिया राजनीति की चरम स्तर की गिरावट है। आखिर भारतीय राजनीति में पतन का यह दौर क्यों आ रहा है ऐसा कौन सा वोटर वर्ग है जो इस तरह के विवादास्पद बयान से खुश होता है जिस के वोट पाने के लिए नेताओं द्वारा इस तरह की बेहद शर्मनाक व देश के हित और स्वाभिमान को क्षति पहुंचाने वाली बयान बाजी की जा रही है। दरअसल ये बयान ऐसे हैं, जिनमें पाकिस्तान का समर्थन करने की नीयत साफ नजर आती है। पहले फारूक अब्दुल्ला और बाद में उनके बेटे उमर अब्दुल्ला ने जमकर कश्मीर की सत्ता की मलाई चट की है। उनके राज में कश्मीर में न केवल अलगाववाद चरम पर पहुंचा, बल्कि पाकिस्तानी आतंकियों ने कश्मीरी पंडितों का खुलेआम नरसंहार भी किया और रातोंरात मस्जिदों से माइक पर एलान कर घाटी के हिंदू पंडितों को पलायन करने के लिए मजबूर कर दिया गया । इनके राज में कश्मीर में भारत की बजाय पाकिस्तान के झंडे लहराते थे, देश की रक्षा करने वाले रक्षाबलों पर पथराव किया जाता था। लालचौक से लेकर स्टेडियम तक आतंकवाद के अड्डे बना दिये गये थे यह वही फारूक अब्दुल्ला हैं, जिन्होंने कश्मीर से धारा 370 हटाने पर %चीन की मदद से उसे पुनः वापस लाने की बात कही थी।

यह तथ्य देश में ही नहीं पूरे विश्व में सर्वविदित है कि कश्मीर में आतंकी हमले पाकिस्तानी आतंकी करते हैं, ऐसे में चरणजीत सिंह चन्नी का बयान भी पाकिस्तानी आकाओं की हरकत पर परदा डाल कर उनकी तरफदारी करने वाला है, क्योंकि वह इसका इल्ज़ाम राजनीतिक लाभ के लिए अपने देश की सरकार पर ही थोप रहे हैं और अपने शहीद सैनिकों की शहादत पर सवाल खड़े कर रहे हैं।यह मानसिकता खतरनाक है। आपको याद होगा कि दिल्ली के जामिया नगर इलाक़े में 19 सितंबर, 2008 को एक मुठभेड़ के दौरान दो संदिग्ध आतंकवादी और दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर मोहनचंद्र शर्मा की मौत हो गई थी. मारे गए संदिग्धों की पहचान आतिफ अमीन और मोहम्मद साजिद के रूप में हुई थी. बाद में दो संदिग्ध बाटला हाउस इलाके से गिरफ़्तार भी किए गए थे. उन दिनों दिल्ली पुलिस भी दिल्ली की कांग्रेस सरकार के अधीन थी लेकिन वोट की राजनीति के चलते पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मुठभेड़ पर सवाल उठाए थे। यही सिलसिला जारी है अब भी महाराष्ट्र के एक कांग्रेसी नेता जी कसाब की तरफदारी कर एक राष्ट्रवादी संगठन के सिर एक एटीएस अधिकारी का इल्ज़ाम मढने से नहीं चूक रहे हैं। पुलवामा हमले के समय भी शहादत पर इसी तरह की राजनीति की गई थी और अब फिर कांग्रेस नेता वैसी ही बात कर रहे हैं। ऐसा ही हाल महाराष्ट्र के कांग्रेस नेता वडेट्टीवार का है, जिसमें वे पाकिस्तानी आतंकियों की करतूत को छिपाने के लिए आरएसएस पर निशाना साध रहे हैं। देश भूला नहीं है कि मुंबई के आतंकी हमले को किस तरह कांग्रेस नेताओं ने हिन्दू आतंकवाद का रूप देने की कोशिश की थी। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और फिल्म निर्माता महेश भट्ट ने तो भगवा आतंकवाद के नाम से किताब तक जारी कर दी थी।यह भारतीय राजनीति के ऐसे निर्लज्ज किरदार हैं जिन्होंने तमाम राष्ट्र की भावनाओं को आहत करते हुए पाकिस्तान परस्ती की मिसाल पेश की। ये दुश्मन की इस तरह बेशरमी से पैरवी करने वाले नेता भला देश का क्या भला करेंगे? केवल यही नहीं, देश को भीतर से तोड़ने की कोशिशें भी जारी हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहते हैं हम सत्ता में आए तो आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा ही हटा देंगे, जिसको जितना चाहिए, उसे उतना आरक्षण देंगे।% कौन नहीं जानता कि आरक्षण ने किस तरह देश को खोखला किया है, प्रतिभाओं का पलायन हुआ है, आरक्षण की आड़ में अनेक प्रतिभाओं से अवसर छीन लिए गए... फिर भी उसी आरक्षण को और बढ़ाने की बात देशहित में तो नहीं है।

देश में अनेक तथाकथित सामाजिक संस्थाओं पर आरोप लगते रहते हैं कि वे विदेशी आकाओं से पैसे लेकर देश के विरुद्ध काम करती हैं। हाल ही में शिकंजे में आए न्यूजक्लिक के संस्थापक हों, आतंकी संगठन घोषित किए जा चुके पीएफआई के नेता हों, सीएए विरोधी दंगों के पैरोकार हों... सब पर ऐसे ही आरोप हैं। हद तो तब हो गई जब आम आदमी पार्टी भी प्रतिबंधित खालिस्तानी आतंकी संगठन सिक्ख फॉर जस्टिस से 133 करोड़ रुपये का लेने के आरोपों से घिर गई है। दिल्ली के राज्यपाल ने इसकी जांच एनआईए से कराने के आदेश दिए हैं।यह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए नयी मुसीबत साबित हो सकता है।

लालच में कई लोग किस हद तक निम्न स्तर तक जा रहे हैं, यह देश की सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत खतरनाक है, बल्कि अत्यंत निम्नस्तरीय राष्ट्रीय हित के विपरीत इस तरह की विध्वंसक व देश को तोड़ने वाली मानसिकता को समय रहते सख्ती से कुचला जाना चाहिए। सिर्फ एक खास समुदाय को प्रभावित करने के लिए उन्हें मुख्य धारा से अलग रखने के लिए कट्टरपंथी विचारों को बल देकर पाक परस्त सोच का संरक्षण और समर्थन करना देश द्रोह से कम नहीं है। देश की आम जनता को ऐसे राजनीतिक दलों व नेताओं का इस चुनाव में मतदान के जरिए पिंडदान कर देना चाहिए ताकि ऐसे घटिया मनोवृति वाले लोगों से राजनीति को कलुषित होने से बचाया जा सके।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**
**9219179431**
**journalistmanojyzx@gmail.com**

# नृत्य युद्ध सीजन 2 को जज करने उदयपुर आएंगे सितारे, नृत्य से सजेगी लेकसिटी की शाम

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** झीलों की नगरी उदयपुर में चल रहे नृत्य युद्ध सीजन 2 का सेमीफाइनल 10 मई को 5 बजे से अर्बन स्क्वायर मॉल में होगा, जिसे जज करने नृत्य के बड़े चेहरे लेकसिटी में शिरकत करेंगे। दी डांस हॉलिक स्टूडियो, दी बडीज आर्टिस्ट मैनेजमेंट कम्पनी और एम स्क्वायर प्रोडक्शन एंड इवेंट्स की ओर से होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर जोरदार उत्साह देखा जा रहा है।

आयोजक राहुल राठौड़ ने बताया कि बी यूनिक क्रू ऑफ़ इंडिया सहित बड़े सितारे इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। राहुल ने कहा कि बी यूनिक क्रू ने अपने प्रदर्शन से डांस प्लस सीजन - 4, हुनरबाज़ और और विदेश में इंडिया का नाम रोशन किया है। वे स्पेन गॉट टैलेंट 2 के रनर अप, इटाइलिया गॉट टैलेंट, यूरोप में गोल्डन बज़र शो के फिनाले में भी अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। इनके अलावा वैभव घुगे और वर्णन मोंटीरियो नृत्य युद्ध के फिनाले में जज करेंगे, जिन्होंने सुपर डांसर्स, इनिडास बेस्ट डांसर, डांस इंडिया डांस, एबीसीडी मूवी आरै जलक दिखलाजा जैसे रियलिटी शोज़ किए है।

आयोजक राशिद खान ने बताया कि हमारी टीम ने नृत्य युद्ध सीजन - 1 को 2020 में किया था। नृत्य युद्ध एक ऑल इंडिया सोलो डांस चैंपियनशिप है, जिसमें इंडिया के कई बड़े शहरों में जाकर ऑडिशन लिए गए हैं। जिसका सेमी फिनाले अब होने जा रहा है। इस शो को करने का हमारा उद्देश्य प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी प्रतिभा दिखा सके और आगे बढ़ सके।



एम स्क्वायर प्रोडक्शन एंड इवेंट्स के मुकेश माधवानी ( राजस्थान लाईन प्रोड्यूसर ) ने बताया कि मेरा हमेशा से प्रयास रहा है कि उदयपुर की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए एक मंच मिले, इसके लिए उदयपुर में फिल्म सिटी के लिए भी संघर्षरत हूँ।

मुकेश माधवानी ने कहा कि यह आयोजन भी प्रतिभाओं को समर्पित है, अगर क्षेत्र की कोई प्रतिभा आगे बढ़ती है तो यह हमारे लिए गौरव की बात है। आगे भी हम प्रतिभाओं हेतु ऐसे आयोजन करते रहेंगे

# स्थानीय परीक्षाओ के परिणाम के साथ नवीन सत्र प्रारम्भ

**मेनार।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थानीय परीक्षाओ के परिणाम जारी किये गए।प्रधानाचार्य झालम सिंह सारंगदेवोत ने बताया कि शिविरा पंचांग एवं राजस्थान सरकार शिक्षा विभाग के अनुसार स्थानीय परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम जारी किए गए। कक्षा 1 से 7 एवं 9 एवं 11 के विद्यार्थियों के परिणाम जारी किए गए। कक्षा 6,7 ,9 एवं 11 के विद्यार्थियों का परिणाम शालादर्पन के अनुसार जारी किया गया। शालादर्पन प्रभारी व्याख्याता दिलराज सिंह राजावत ने विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम सुनाया। कक्षा 9 में साक्षी मेनारिया,कक्षा 11 कला वर्ग पूनम मेनारिया एवं विज्ञान वर्ग में योगिता प्रजापत प्रथम स्थान पर रही। पूरक आए विद्यार्थियो को 13




मई से पुनः परीक्षा देनी होगी। कक्षा 6 एवं 7 के विद्यार्थियों को अगली कक्षा में ' मोन्नत किया गया।परिणाम जारी होने के साथ नवीन सत्र हेतु हाउस होल्ड सर्वे का कार्य प्रारंभ हुआ। इसके अंतर्गत शिक्षा से वंचित विद्यार्थियों को विद्यालय से जोड़ा जाएगा।इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य पुष्कर राज मेनारिया,कौशलेंद्र कुमार, धर्म सिंह मीणा,दिलराज सिंह,रामचंद मेघवाल,चंदा कुमावत,वर्तिका पंजवानी,पन्ना लाल लोहार,निर्मला मेनारिया, चंद्रशेखर मेनारिया,कन्हैया लाल मेनारिया, रोशन, सवाई राम,रामजी लाल, सुरेश घरवड़ा,रमेश जोशी,राकेश मेनारिया,संगीता मेनारिया, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# पीएमसीएच में महिला ने दिया एक साथ तीन बच्चों को जन्म समय से 6 सप्ताह पहले हुए थे पैदा,मॉ एवं बच्चें पूर्णतया है स्वस्थ्य

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** मेडिकल चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहे उदयपुर के भीलों का बेदला स्थित पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में एक महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया। ये बच्चें गर्भावस्था के 34वें सप्ताह में नियत तारीख से 6 सप्ताह पहले समय से पहले पैदा हुए थे।

प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागध्यक्ष एवं ऑपरेटिंग सर्जन डॉ. राजरानी शर्मा ने बताया की पीएमसीएच में सिजेरियन सेक्शन द्वारा बिना किसी जटिलता के तीन बच्चों का जन्म हुआ। शिशुओं का वजन 1.84 किलोग्राम, 1.65 किलोग्राम और 1.49 किलोग्राम था।



गर्भावस्था अत्यधिक जोखिमपूर्ण थी क्योंकि माँ गर्भकालीन मधुमेह,प्री एक्लम्पसिया,एनीमिया और हाइपोथायरायडिज्म का आदि समस्याओं से ग्रसित थी। ऐसे मामलों में ऐसी जटिलताओं के विकसित होने और प्रसवोत्तर रक्तस्राव का भी खतरा होता था लेकिन पीएमसीएच में उपलब्ध उच्चस्तरीय सुविधाओं के चलते यह सम्भव हो सका।

डॉ. राजरानी शर्मा ने बताया कि पीएमसीएच प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में अनुभवी चिकित्सकों की टीम के द्वारा गर्भवती महिला को सुरक्षित और तनाव मुक्त प्रसव के लिए उच्चतम स्तर की सुविधा के साथ साथ समय से पहले जन्मे बच्चों,बीमार या जन्म दोष वाले बच्चों की देखभाल के लिए बाल रोग विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम करती है।

गौरतलब है कि पीएमसीएच में महिला के गर्भधारण से लेकर सामान्य या सिजेरियन डिलीवरी के निःशुल्क सुविधा के साथ साथ नवजात के लिए एनआईसीयू की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

मरीज के परिजनों ने बताया हमें पीएमसीएच में विश्व स्तरीय सुविधाएं जैसे कि बिना किसी खर्च के डिलीवरी,जिसमें सिजेरियन सेक्शन और तीन बच्चों के आईसीयू शुल्क शामिल हैं आदि निःशुल्क मिली। इन सुविधाओं के लिए परिजनों ने पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल एवं एक्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल को धन्यवाद ज्ञापित किया। मां और बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ्य है उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस मनाया,जिला कलक्टर ने वंचित वर्ग के लिए उपयोगी सामग्री वितरण के सेवा प्रकल्प का किया शुभारंभ

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** रेड क्रॉस सोसायटी उदयपुर की ओर से अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस समारोह बुधवार को सोसायटी अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर अरविंद कुमार पोसवाल के मुख्य आतिथ्य में हिरण मगरी सेक्टर 5 स्थित रेड क्रॉस भवन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर आजीवन सदस्यों ने सेवा प्रकल्प का शुभारंभ किया, जिसमे वंचित वर्ग के लिए दैनिक जीवन में काम आने वाले विभिन्न उपयोगी सामग्री का वितरण जिला कलक्टर पोसवाल व सेवानिवृत्त न्यायाधीश महेंद्र मेहता द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक आजीवन सदस्य शांतिलाल नागोरी एवं सुभाष मेहता का भी विशेष सहयोग रहा। अतिथियों का पगड़ी व उपरना से स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि पोसवाल ने शाखा के सेवा कार्यों की सराहना करते हुऐ प्राथमिक चिकित्सा में राज्यस्तर पर सदैव अग्रणी रहने पर बधाई दी एवं सिटी सेंटर के लिए स्थान उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। भारतीय रैड क्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा से प्राप्त टॉपिक 'मानवता को जीवित रखना' संदर्भ पर मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त न्यायाधीश महेंद्र कुमार मेहता ने अपना उद्बोधन किया।

वंचित वर्गों के लिए बांटी उपयोगी सामग्री

इस अवसर पर वंचित वर्ग के दैनिक जीवन में उपयोग के लिए लिए स्टील के 100 किचन सेट, 200 नए वस्त्र एवं 100 पानी की बड़ी बाल्टी, नंगे पांव चलने वालों को 100 चप्पल जोडी, दैनिक जीवन उपयोग की 20 वस्तुओं वाले 100 हाइजिन यूटिलिटी किट का वितरण किया गया। एमएमपीएस की जूनियर रेड क्रॉस टीम ने किया लाइव प्राथमिक चिकित्सा प्रदर्शन

इस अवसर पर साधारण सभा की बैठक में सोसायटी चेयरमैन गजेंद्र भंसाली ने सोसाइटी की प्रारंभिक दौर



से अभी तक की जानकारी सदन से साझा की। विशेष प्रस्तुति में महाराणा मेवाड पब्लिक स्कूल की जूनियर रेड क्रॉस टीम द्वारा लाइव प्राथमिक चिकित्सा प्रदर्शन किया गया जिसको सभी ने सराहा। सम्मान की कड़ी में सोसायटी प्रेसिडेंट एवं डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर अरविंद पोसवाल के दिशा निर्देशन में सफल निर्विघ्न लोकसभा चुनाव संपन्न कराने पर अभिनंदन पत्र का वाचन मानद सचिव सुनील गांग ने किया। गांग ने रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा गत वित्तीय वर्ष में किए गए सभी कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

'डोंट हांक' स्टीकर का किया विमोचन, 11 नवीन आजीवन सदस्यों को सौंपे पहचान पत्र

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक सड़क सुरक्षा पर 'डोंट हांक' स्टीकर का विमोचन किया गया एवं 11 नवीन आजीवन सदस्य विमल चंद कटारिया, श्रीमती स्नेहलता गांग, श्रीमती कविता सुराणा, के.के.गुप्ता, प्रदीप कुमार चौबीसा, सुरेश चंद्र सियाल, भुपाल सिंह दलाल, राजेंद्र बया, अशोक कुमार जैन एवं शशिपाल जैन को शपथ दिलाई और जिला कलेक्टर पोसवाल ने उन्हें पहचान पत्र प्रदान किए। उपाध्यक्ष नक्षत्र तलेसरा ने 'कीप ह्यूमैनिटी अलाइव' पर अपने विचार व्यक्त किए। सोसायटी के डॉ. रणवीर चंद मेहता व राकेश बापना ने भी विचार रखे। अंत में मानद सचिव सुनील गांग द्वारा धन्यवाद की रस्म के बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# बाल वैज्ञानिकों के नवाचारों को लगे पंख इंस्पायर अवार्ड मानक योजना कार्यक्रम डीएलईपीसी का हुआ उद्घाटन

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** इंस्पायर अवार्ड मानक योजना कार्यक्रम डीएलईपीसी का उद्घाटन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गोवर्धन विलास में जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक चंद्रशेखर जोशी की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि आरएससीईआरटी के अतिरिक्त निदेशक सुरेंद्र सिंह गौड़ व विशिष्ट अतिथि गिर्वा के सीबीईओ कुंज बिहारी भारद्वाज थे। स्वागत उद्बोधन स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य रघुनाथ पालीवाल ने दिया। कार्यक्रम का विस्तृत परिचय मुरलीधर चौबीसा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक ने प्रस्तुत किया।

संयोजक जोशी ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2022-23 के चयनित विद्यार्थी विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में भाग ले रहे हैं। प्रदर्शन को लेकर विद्यार्थियों में खासा जोश व उत्साह देखा गया। जिले के विभिन्न ब्लॉक से आए 118 पंजीकृत विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के मॉडल का प्रदर्शन किया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी के जीवन में विज्ञान की तरह अनुशासन हो, बच्चें अपने दृष्टिकोण को विकसित करें एवं अपनी आंतरिक क्षमताओं और बुद्धिबल के साथ जीवन में आगे बढ़े। सुरेंद्र सिंह गौड़ ने कहा कि चेतन अवस्था में रहकर विवेक बुद्धि से सकारात्मकता के साथ कार्य करना है। हमें आपनी शिक्षा की जड़ें मजबूत करनी चाहिए। कुंज बिहारी भारद्वाज ने कहा कि विज्ञान एवं तार्किक बुद्धि का विकास करते रहना चाहिए, विज्ञान जितना श्रेष्ठ है उतना ही सरल है।

भारत सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा नियुक्त जूरी सदस्यों कृष्णा विश्वास, दीपज्योति तथा स्थानीय जूरी सदस्यों मनोज पाठक एवं मुकेश पारख ने मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन कर मूल्यांकन किया। डीईओ प्रभारी प्रत्युष जैन ने प्रदर्शनी संबंधित सभी पत्रावलियां तैयार कर फाइलिंग का कार्य प्रमुखता से संपादित किया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद शर्मा, जीवन लाल मेघवाल, राजेश सैनिक, किरण बाला जीनगर, राजमल दक, भूपेंद्र कौर, रेणु थियोफ्लिस, कुसुम रावल बृजबाला शर्मा प्रधानाचार्यों ने अपने प्रकोष्ठ की कमेटी के साथ कार्य को सुचारू गति प्रदान की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ आए अध्यापकों और अभिभावकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन उपप्रधानाचार्य मनोज पाठक ने किया एवं धन्यवाद नरेश काहाल्या ने दिया। प्रदर्शनी का समापन गुरुवार को होगा जिसमें राज्य स्तर हेतु चयनित प्रतिभागी एवं इस मेले में भाग लेने वाले अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं जिनकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 तक है। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग अरूषी जैन ने बताया गया कि यह पुरस्कार 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों को कला-संस्कृति विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, बहादुरी, नवाचार, शैक्षिक, सामाजिक सेवा और खेल में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रदान किए जाएंगे। इस संबंध में योग्य व इच्छुक बालक विभाग की वेबसाइट अवार्ड्स डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर आवेदन कर सकते हैं, इसमें चयन होने पर सरकार द्वारा उनको पुरस्कृत की किया जाएगा।

# हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का संभाग स्तरीय सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के सात दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार को सर्वधर्म प्रार्थना व ध्वज अवतरण के साथ हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डाइट उदयपुर के व्याख्याता एवं बीएसटीसी दल के प्रभारी गिरीश चौबीसा थे। अध्यक्षता हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) और शिविर संचालक प्रदीप मेघवाल ने की। संभाग एवं जिला मुख्यालय सचिव मदन लाल वर्मा ने अतिथियों के स्वागत के साथ 7 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सोमवार को कैम्प फायर गतिविधि में रात्रि को राष्ट्रीय कवि अजात शत्रु ने अपनी देश प्रेम, हास्य, व्यंग्य और प्रेमरस की कविताओं से संभागियों की खूब वाहवाही लूटी। राज्य सचिव नरेन्द्र ओदीचय ने कवि और अन्य अतिथियों का स्कार्प पहनाकर स्वागत किया। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) चित्रलेखा शुक्ला, संभाग मुख्यालय सचिव मदनलाल वर्मा, संभाग मुख्यालय संयुक्त सचिव मनोज कुमार शर्मा, संभाग मुख्यालय आयुक्त जनसंपर्क गोपाल मेहता मेनारिया, जिला ऑर्गेनाइजर कमिश्नर शांता वैष्णव, जिला संयुक्त सचिव तुलसी चडात, गाइड ट्रेनर अनुराधा सोलंकी थे।

संभागीय आयुक्त जनसंपर्क गोपाल मेहता ने कहा कि पढ़ाई हमे ज्ञान सिखाती है लेकिन स्काउट और खेल हमे मानवता, सहयोग, अनुशासन, इंसानियत, भाईचारा आपसी प्रेम, एक दूसरे के साथ तालमेल जैसी जीवन जीने की मूलभूत कला सिखाता है जो जीवन के लिए बहुत जरूरी है। अनेक संभागीयो ने भी अपने सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अनुभव मंच पर आकर सुनाए। अध्यक्ष व राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट प्रदीप ने कहा कि शिविर का समापन है लेकिन स्काउटिंग की शुरुआत है, शिविर में जो सीखा उसे अपने जीवन में शामिल करना है। अंत में ध्वज अवतरण की रस्म हुई जिसके बाद सभी संभागीयों ने प्रोटोकॉल के तहत अपने ट्रेनर और स्काउट पदाधिकारियों को सैल्यूट दिया।

# जिला परिषद ने सीईओ ने गोगुंदा एवं कोटड़ा में ली बैठक ग्रामीण विकास पंचायती राज विभागीय योजनाओं की समीक्षा की



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती कीर्ति राठौड़ ने बुधवार को पंचायत समिति गोगुंदा एवं कोटड़ा में ग्राम विकास अधिकारियों, कनिष्ठ सहायकों, तकनीकी सहायकों सहित शाखा प्रभारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की ग्राम पंचायतवार समीक्षा की। उन्होंने नरेगा कार्यों सहित पंचायत समिति के कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक की जानकारी देते हुए अतिरिक्त विकास अधिकारी राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि सीईओ ने बैठक में उपस्थित सभी ग्राम विकास अधिकारियों, कनिष्ठ सहायकों, तकनीकी सहायकों सहित शाखा प्रभारियों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस कचरा निस्तारण प्रबंधन के लिए निर्धारित कार्य नियत समयावधि में पूर्ण करने, आवास के अपूर्ण कार्यों को लाभार्थियों से समन्वय कर शीघ्र पूर्ण कराने, अपूर्ण भवन निर्माण के कार्य पूर्ण कर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रेषित कराने, महानरेगा में अधिक से अधिक जरूरतमंदों को रोजगार उपलब्ध कराने, सभी कार्मिक राजकाज पोर्टल पर ई-फाइलिंग से कार्य सम्पादित करने सहित विभिन्न योजनाओं में असन्तोषजनक प्रगति होने तथा बैठक में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने शाखाओं का निरीक्षण कर शाखा प्रभारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और आमजन के कार्य नियत समय पर सम्पादित करने, महानरेगा में श्रमिकों को समय पर भुगतान करने, औसत श्रमिक दर बढ़ाने, अपूर्ण कार्य समय पर पूर्ण करने, बकाया एबीपीएस का कार्य तत्काल कराने, ग्राम पंचायतों में समुचित सफाई व्यवस्था करने सहित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।

उन्होंने गोगुंदा में नरेगा कार्य के निरीक्षण में अनियमितता मिलने पर संबंधित मेट को ब्लेक लिस्टेड करने, कनिष्ठ सहायक को चार्जशीट देने तथा कम्प्यूटर आपरेटर, ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ तकनीकी सहायक एवं सहायक अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में गोगुन्दा के विकास अधिकारी देवेन्द्र कंसल, कोटड़ा विकास अधिकारी मनवीर सिंह सहित निशा अग्रवाल, ग्यारसी लाल शर्मा, एमआईएस, तकनीकी सहायक, लेखा सहायक, एसबीएम कॉर्डिनेटर, ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक सहित अन्य शाखाओं के प्रभारी अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।